NOT APPROVED

# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Twelfth Session)

Questions For Oral Answer

## Saturday, 27th August, 2016/5th Bhadrapada, 1938 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister ].

Total No. of Questions - 31

----

### Subsidy on Peas Seed

***3464 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that subsidy on peas seed was given in 1996;

(b) what was the percentage of subsidy on peas seed in the year 1996 & is it the same percentage of subsidy given as the peas rates have increased many folds almost 5 times; and

(c) whether the department proposes to increase peas subsidy to the farmers of Lahaul & Spiti in public interest?

----

NOT APPROVED

NOT APPROVED

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***3465 श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्मित हैं तथा इन मार्गों के अन्तर्गत कितनी-कितनी सड़कें आती हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय उच्च मार्ग कब-कब घोषित किये गये तथा इन मार्गों के नाम तथा उन पर खर्च होने वाली राशि का ब्यौरा मण्डलवार सभा पटल पर रखें;

(ग) प्रदेश में कितने राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर फोरलेन का कार्य प्रारम्भ किया गया है, इनके निर्माण पर कितना खर्च आएगा; ब्यौरा सड़कवार दें;

(घ) सरकार क्या इन सड़कों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कर रही है; और

(ड.) यदि हां, तो क्या किसानों को भूमि का मुआवज़ा फैक्टर-2 के अन्तर्गत दिया जा रहा है?

----

## ई0एस0आई0 आयुर्विज्ञान महाविद्यालय

***3466 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि मण्डी जिला के अन्तर्गत नेरचौक में ई0एस0आई0 आयुर्विज्ञान महाविद्यालय को प्रदेश सरकार ने अपने नियन्त्रण में लेकर इसे चलाने की औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## Dhar-Kilod Road

***3467 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of DPR of road to Village Dhar-Kilod in HPPWD Sub-division Bhallai of HPPWD Division Salooni; and

NOT APPROVED

(b) whether forest clearance has been obtained ?

----

## प्रभावितों को मुआवज़ा

*3468 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चमेरा विद्युत परियोजना से कितने परिवार प्रभावित हुए तथा उन्हें कितना-कितना मुआवज़ा दिया गया; ब्यौरा नामवार दें; और

(ख) इस परियोजना से कितना क्षेत्र प्रभावित हुआ; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाना

*3469 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु साठ वर्ष करने पर गम्भीरता से विचार कर रही है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) प्रदेश सरकार क्या केन्द्र सरकार की तर्ज पर अपने कर्मचारियों को ग्रेच्युटी दिनांक 1-1-2016 से देने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार क्या कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद देय पैंशन योजना को पुनः प्रारम्भ करने पर भी विचार करेगी; यदि हां, तो कब से?

----

## अध्यापक प्रतिनियुक्ति पर

*3470 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें;

(ख) इन पाठशालाओं में से ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जिनके अध्यापक दूसरे जिला एवं तहसील की पाठशालाओं में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार ने इन अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

NOT APPROVED

## बन्दरों/जंगली जानवरों द्वारा नुकसान

***3471 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन माह में बन्दरों एवं जंगली जानवरों द्वारा कितने लोगों एवं पालतू पशुओं पर हमला किया गया; जिलाशः कितने लोगों को बन्दरों ने काटा जिन्हें अस्पताल में जाकर उपचार करवाना पड़ा और कितनें लोगों व पालतु पशुओं को जंगली जानवरों ने मौत के घाट उतारा; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ख) सरकार द्वारा जिलाशः कितनी-कितनी धनराशि मुआवजे की मृतकों के आश्रितों एवं पशुधन के मालिकों को दी गई; ब्यौरा दें और किस-किस को अभी तक देय राशि नहीं दी गई है; ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## 22 के0वी0 सब स्टेशन

***3472 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा कांसाकोटी (रोहडू) में 22KV Control Point का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

----

## आयुर्विज्ञान महाविद्यालय

***3473 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने हमीरपुर में आयुर्विज्ञान महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस हेतु किस स्थान पर भूमि का चयन किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## बाईपास का निर्माण

***3474 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार क्या बैजनाथ व पपरोला कस्बों के बाहर से बाईपास (Bypass) बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

NOT APPROVED

(ख) बैजनाथ बाजार की सड़क पर टारिंग कब तक करवा दी जायेगी; ब्यौरा दें?

----

## सीर खड्ड का तटीयकरण

***3475 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 31.07.2016 तक बरच्छवाड़ से जाहु तक सीर खड्ड के तटीयकरण का कार्य आरम्भ नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो यह कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें;

(ग) सरकार ने क्या इस तट पर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर लोगों के जान व माल को खतरा है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार तटीयकरण के कार्य के आरम्भ होने से पहले उन स्थानों पर सुरक्षा हेतु उचित उपाय करेगी; ब्यौरा चिन्हित स्थानों व किये गये उपायों सहित दें?

----

## ओ0बी0सी0 का प्रमाण-पत्र

***3476 श्री पवन काजल(कांगड़ा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकारी नौकरी हेतु विवाहित ओ0बी0सी0 महिला से साक्षात्कार हेतु ओ0बी0सी0 श्रेणी का प्रमाण-पत्र पैतृक आधार पर देने को कहा जाता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उस प्रमाण-पत्र में विवाहित महिला के पैतृक पते के साथ उसके पति एवं ससुराल का ब्यौरा भी देने बारे विचार करेगी; और

(ग) वर्तमान में क्या ओ0बी0सी0 प्रमाण-पत्र की समय सीमा एक वर्ष है; यदि हां, तो क्या सरकार इस समय सीमा को तीन वर्ष करने का विचार रखती है?

----

## विशेष पैकेज

***3477 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश को बागवानी विकास के लिए विशेष पैकेज दिया है;

NOT APPROVED

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ग) इसके अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य किये जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***3478 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
सरकार कब तक निम्न सड़कों की मरम्मत करने का विचार रखती है:-

1. चम्बा-जोत रोड़; 2. चम्बा से कुण्डी; 3. चम्बा से खज्जियार-डलहौजी; 4. चम्बा से झमुआर; 5. चम्बा से साहू-परौथा-कुरैणा; 6. चम्बा से सराहन-भाला; 7. चम्बा से कीड़ी-लग्गा; 8. चम्बा से कोलका-लांगा गला; 9. चम्बा से सुंगल-करंगड (नाग-केला); और 10. चम्बा से जडेरा-शिलघ्राट?

----

## Stone Crushers

***3479 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the new stone crushers are being installed as per the guidelines issued by the Government especially regarding distance from National Highways and distance from the existing river beds;

(b) if so, the distance of the new stone crushers being established be given from National Highways as well as from river beds; and

(c) whether there is any lapse found in these crushers; if yes, Government will review the approval already given?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

***3480 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या डमटाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

NOT APPROVED

## Allocation of Funds

***3481 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that under the Backward Area Development Plan & Tribal Sub-Plan funds are allocated to Spiti Sub-division;

(b) if so, why the percentage of funds under Tribal Sub-Plan is not allocated as per parameter; and

(c) as per the requirement of Article 275 of the Constitution of India why the release of centre funds is not done separately from Tribal Sub-Plan?

----

## सर्वशिक्षा अभियान

***3482 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत कितने-कितने शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी कब-कब से कार्यरत हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) सरकार द्वारा इनमें से कितने कर्मचारियों को निर्धारित वेतनमान दिया जा रहा है और कितनों को नहीं; ब्यौरा पदनाम सहित दें;

(ग) यह सत्य है कि इन कर्मचारियों की सेवाओं के अधिग्रहण सम्बन्धी केस न्यायालय में चल रहा था;

(घ) यदि हां, तो इस केस का निर्णय किस-किस के पक्ष में आया और वर्तमान में इसकी क्या स्थिति है; ब्यौरा निर्णयों की प्रति सहित दें; और

(ङ) सरकार क्या इनकी सेवाओं के अधिग्रहण पर विचार करेगी ?

----

## स्टोन क्रैशर

***3483 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में कितने स्टोन क्रैशर कहां-कहां कार्य कर रहे हैं तथा किन-किन व्यक्तियों के आवेदन क्रैशर लगाने हेतु विभाग के पास लम्बित हैं;

NOT APPROVED

(ख) प्रदेश में ऐसे कितने स्टोन क्रैशर हैं जिन्हें विभिन्न औपचारिकताएं पूर्ण न करने के कारण National Green Tribunal द्वारा या अन्य संस्थाओं जैसे उद्योग/विद्युत बोर्ड आदि ने जुर्माना लगाया है; ब्यौरा नाम पते सहित दें;

(ग) प्रदेश में ऐसे कितने स्टोन क्रैशर हैं जिन्हें Penalty उपरान्त या National Green Tribunal द्वारा उन्हें बन्द करने के आदेशों के बावजूद चलाया जा रहा है; और

(घ) सरकार द्वारा उनके विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## उप-तहसील की स्थापना

***3484 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नई उप-तहसील खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## मशोबरा भेखलटी सड़क

***3485 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मशोबरा-भेखलटी सड़क की लम्बाई कितनी है; इस वर्ष इसकी मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस सड़क का कुछ भाग अभी भी कच्चा है; यदि हां, तो इसे कब तक पक्का किया जाएगा?

----

## स्लाटर हाऊस का निर्माण

***3486 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला नगर निगम द्वारा शहर में नये स्लाटर हाऊस (Slaughter House) का निर्माण किया गया है; यदि हां, तो इसके निर्माण पर कितनी लागत आई तथा यह किस योजना के अन्तर्गत बनाया गया; ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में इस स्लाटर हाऊस को कौन सी ऐजेंसी चला रही है तथा नगर निगम को इससे प्रतिदिन कितनी आय हो रही है; और

(ग) इस स्लाटर हाऊस में कितने बकरे, मुर्गे तथा सुअर प्रतिदिन काटे जाते हैं; ब्यौरा दें ?

----

NOT APPROVED

## पाईप आपूर्ति

***3487 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल रोहडू में छोटी डाया की पाईपों की आपूर्ति नहीं की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो कारण तथा इस मण्डल में इन पाईपों की आपूर्ति कब तक कर दी जायेगी ?

----

## बन्द पड़ी सिंचाई योजनाएं

***3488 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में जिला हमीरपुर के अन्तर्गत कितनी सिंचाई योजनाएं बन्द पड़ी हैं या कितनी आंशिक रूप से कार्य कर रही हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन योजनाओं के बन्द होने या आंशिक रूप से कार्य करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

NOT APPROVED

----

## Deaths Due to Diseases

***3489 Sh. Inder Singh (Sarkaghat):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last 3 years how many people have died due to heart diseases and cancer in the State; district-wise detail be given; and

(b) what steps the Government is taking to prevent & control them; details be given?

----

## बैकलॉग की भर्ती

***3490 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 17-11-2015 को प्रदेश कैबिनेट ने SC/ST बैकलॉग के 6000 रिक्त पद भरने का निर्णय लिया था; और

NOT APPROVED

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उसी तर्ज पर ओ0बी0सी0 का बैकलॉग भी भरने का विचार रखती है?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

*3491 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कौन-कौन सी पेयजल व सिंचाई योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; विवरण नाम सहित दें; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की DPR तैयार हो चुकी है तथा इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल समस्या

*3492 **श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) वर्तमान में चम्बा शहर में पेयजल की आपूर्ति कब तक नियमित कर दी जाएगी;

(ख) चम्बा में कितनी पेयजल योजनाओं में फिल्टर बैड नहीं लगे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग इन योजनाओं पर कब तक फिल्टर बैड का निर्माण करने का विचार रखता है?

NOT APPROVED

----

## Social Security Pension Scheme

*3493 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-
(a) whether the Government plans to give old age, widow and physically handicapped pension to all those who apply irrespective of the income as in the adjoining States of Haryana and Punjab; and

(b) if so, by when?

----

NOT APPROVED

## पंजाब सीमा की हदबन्दी

***3494 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या पंजाब की सीमा के साथ इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र की हदबन्दी करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 11 अगस्त, 2016.** **सचिव।**

NOT APPROVED